卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 210 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦7 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पहलवानों के समर्थन में किसानों का दिल्ली कूच






नई दिल्ली(उद संवाददाता)। दिल्ली के टीकरी बॉर्डर पर रविवार को एक बार फिर से किसान और दिल्ली पुलिस आमने-सामने हो गए। महिला पहलवानों के समर्थन के लिए जंतर मंतर के लिए निकले किसानों के जत्थे को दिल्ली पुलिस ने टीकरी बॉर्डर पर रोक लिया। लेकिन महिला किसान दिल्ली पुलिस के नाकों को तोड़कर पैदल ही आगे बढ़ चली। महिला किसानों ने एमसीडी के कमर्शियल टोल प्लाजा पर जाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क पर जाम लगा दिया। जिसके बाद दिल्ली पुलिस के हाथ पैर फूल गए और आनन-फानन में महिला किसानों के जत्थे को आगे बढ़ने की अनुमति दे दी गई। लगभग 10 बसों में सवार होकर महिला किसान पंजाब के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली के जंतर मंतर के लिए आई हैं। अपने साथ में खाना बनाने का सामान भी लेकर किसान पहुंचे हैं। महिला किसानों का कहना है कि सरकार को भारतीय कुश्ती महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह को तुरंत गिरफ्तार करना होगा। महिला पहलवान लगातार धरना प्रदर्शन कर रही हैं और मंच से बता रही हैं कि उनके साथ यौन शोषण हुआ है। ऐसे में आरोपी को तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए और सख्त से सख्त सजा देनी चाहिए। महिलाओं ने कहा कि अगर उन्हें रोका गया तो वहीं रुक जाएंगी। फिलहाल वे एक दिन के प्रदर्शन के लिए दिल्ली आई हैं। पंजाब की भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) से जुड़ी हुई सैकड़ों महिलाएं कल ही पंजाब से दिल्ली के लिए रवाना हो गई थी। महिलाओं का पहला पड़ाव जींद में था और आज का पड़ाव जंतर मंतर पर रहने वाला है। महिलाओं के साथ भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के प्रधान जोगेंद्र सिंह उगराहां भी जंतर-मंतर गए हैं। जोगिंदर उगराहां का कहना है कि इस मामले में जांच की जरूरत नहीं है। जब बेटियां कह रही हैं कि उनके साथ यौन शोषण हुआ है तो उन्हें न्याय मिलना (शेष पृष्ठ सात पर)

## सैन्य सम्मान के साथ हुई शहीद की अंत्येष्टि



कणप्रयाग (उद संवाददाता)। जम्मू के राजौरी कोटरंगा सब डिवीजन केसरी हिल क्षेत्र में शहीद हुए चमोली जिले के गैरसैंण ब्लॉक के कुनीगाड़ गांव निवासी रूचिन सिंह रावत का पार्थिव शरीर सुबह 10.30 बजे गांव में पहुंच गया है। तिरंगे में लिपटे शहीद के पार्थिव शरीर को देखकर दादा-दादी, माता-पिता, पत्नी, भाई सहित वहां पहुंचे लोग बिलख उठे। परिजन शहीद के पार्थिव शरीर पर लिपट गए। सेना के जवान शहीद के पार्थिव शरीर को लेकर गांव पहुंचे। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अवतार नेगी ने बताया कि शहीद के अंतिम दर्शनों के लिए क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल सहित गांव में सैकड़ों लोग पहुंचे। शहीद का अंतिम संस्कार गांव के आसपास महादेव घाट पर सैन्य सममान के साथ हुआ। गांव से महादेव घाट तक अंतिम यात्रा निकाली गयी। शहीद के अंतिम दर्शनों के लिए गांव में लोगों को जमावड़ा लगा रहा। बता दें कि जम्मू में राजौरी कोटरंका सब डिवीजन केसरी हिल क्षेत्र में शहीद हुए उत्तराखंड के रुचिन और हिमाचल के प्रमोद नेगी के पार्थिव शरीर सेना के विशेष विमान से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे थे। यहां सेना के जवानों ने शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी और क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण गैरोला ने शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित किया।

## परिजनों के बीच से मासूम को उठा ले गया गुलदार



विकासनगर (उद संवाददाता)। महमूदनगर बस्ती में घर के आंगन में खेल रहे चार वर्षीय मासूम को परिजनों के बीच से गुलदार उठा ले गया। लोगों ने शोर मचाया तो गुलदार जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीण उसके पीछे-पीछे जंगल तक गए लेकिन बच्चे और गुलदार का कुछ पता नहीं चला। उधर, सूचना मिलने पर तहसीलदार, सहसपुर पुलिस और वन विभाग की टीम ने जंगल में कांबिंग शुरू की। बच्चे के शव को आबादी से सटे एक बाग से बरामद किया गया है। पुलिस फिलहाल शव का पंचायत नामा करके अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। कालसी वन प्रभाग की चौहड़पुर रेंज स्थित ग्राम पंचायत शंकरपुर की बस्ती में शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे जिशान का चार वर्षीय बेटा अहसान घर के आंगन में खेल रहा था। इस दौरान परिजन भी वहीं मौजूद थे। अचानक एक गुलदार वहां आ धमका और अहसान पर झपट पड़ा। यह देख परिजनों में खलबली मच गई। वे शोर मचाने लगे। इससे अन्य ग्रामीण भी वहां पहुंचे और शोर मचाने लगे। तब तक गुलदार बच्चे को लेकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक की टक्कर से फैक्ट्री कर्मी की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खनन सामग्री से लदे ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार फैक्ट्री कर्मी की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार हाथीकल गौरापड़ाव हल्द्वानी निवासी 27 वर्षीय रोहित सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह किच्छा रोड लालपुर स्थित महिन्द्रा एण्ड महिन्द्र कंपनी में काम करता था। बीती शाम स्कूटी पर वह किच्छा से हल्द्वानी लौट रहा था। इसी दौरान खनन से लदे ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में रोहित को चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक रोहित तीन बहनों का इकलौता भाई था। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में युवाओं द्वारा आत्म हत्या के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक और युवक ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नं. तीन ट्रांजिट कैम्प निवासी 28 वर्षीय अमित उर्फ टीप चाकू पुत्र मोंटू राय ने शनिवार रात करीब दस बजे दो मंजिले पर बने कमरे में अंदर से कुंडा लगा लिया और पंखे से फंदा लगाकर लटक गया। परिवार वालों को जब पता लगा तो उन्होंने दरवाता तोड़कर देखा जहां अमित फंदे से लटका हुआ था। परिवार वालों ने आनन फानन में अमित को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकितसकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक शादी शुदा था मृतक के दो बच्चे हैं। मृतक किसी टेंट हाउस में काम करता था और नशे का आदी था। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। एसआई ललित चौधरी ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्म हत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## मुख्य बाजार से वाहन चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने मुख्य बाजार में दुर्गा धर्मशाला में विवाह समारोह में आये एक व्यक्ति को वाहन चोरी कर लिया। घटना की उरपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में वाहन स्वामी ने कहा है कि वह वाहन संख्या यूके 06 के 7318 का स्वामी है। 5 मई 2023 की रात्रि वह उक्त वाहन को लेकर दुर्गा धर्मशाला, वीर हकीकत राय मार्ग, मुख्य बाजार में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आया था। अपने उक्त वाहन को उसने दुर्गा धर्मशाला के बाहर खड़ा करके विवाह समारोह में चला (शेष पृष्ठ सात पर)

## दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट,मासूम बेटे को पटका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवाह में कम दहेज लाने का ताना देते हुए एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी से न सिर्फ बेरहमी से मारपीट की बल्कि अपने मासूम बेटे को भी दूर फेक दिया। पति सहित अन्य ससुरालियों के उत्पीड़न से तंग आकर पीड़िता ने महिला हेल्प लाईन में गुहार लगाई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह रंजन कुमार सिंह पुत्र अमरेन कुमार सिंह मूल निवास ग्राम हरपूर थाना एकमा,पोस्ट एकमा , जिला सारण, बिहार वर्तमान पता केन्द्रीय विद्यालय कंकडबाग लोहिया नगर ,पटना, बिहार के साथ 1.12. 2016 को पिता के मूल निवास ग्राम रामपुर थाना मुफस्सिल, जिला भोजपुर, बिहार में संपन्न हुआ था। उसके पिता व पूरा परिवार उसके जन्म के पूर्व से ही उत्तराखण्ड में सन् 1980 से पूर्व ही राजकीय सेवा में कार्यरत होने के कारण निवास करते चले आ रहे हैं। पिता ने उसकी शादी में अपनी हैसियत से बढ़कर कर्ज लेकर दहेज में गाड़ी, घेरेलू सामान,सोने के गहने नगद 2.50 लाख रूपये तथा 1.60 लाख रुपये गाड़ी खरीदने के लिए डाउन पेमेन्ट कुल मिलाकर करीब 12 लाख रूपयें खर्च किया था। पति ने गाड़ी की शेष किश्तें भरने का वादा किया । शादी के कुछ दिनो बाद की पति, उसके माता पिता व ननद उसे कम दहेज लाने के लिए ताना देने लगे। पति शादी से पूर्व रूद्रपुर में किसी पब्लिक स्कूल में कार्यरत था तथा आवास विकास में प्राईवेट तौर पर नौकरी के साथ साथ अपना कोचिंग सेंटर भी चलाते रहे। सगाई के बाद माह मई 2016 में पति की नियुक्ति केन्द्रीय विद्यालय शिलांग, मेघालय में हो गई तथा वर्तमान में विपक्षी का ट्रांसफर केन्द्रीय विद्यालय कंकड़बाग, लोहिया नगर, पटना, में हुआ। शादी के बाद 15.11. 2017 को एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जो अब करीब 5 वर्ष का हो चुका है। पीड़िता का कहना है वह अपने पति विपक्षी की नियुक्ति शिलॉग में होने पर अपने पति के साथ शिलॉग निवास करने लगी, जहां वह आये दिन कम दहेज तथा गाड़ी की किशत को लेकर मारपीट करने लगा। इसकी शिकायत उसने अपने सास ससुर से मोबाइल के माध्यम से की लेकिन उन्होंने उसका ही साथ दिया। साथ ही धमकी दी तुमसे तलाक देकर उसकी शादी दूसरी जगह कर देगे । मई 2020 मे पति ने दहेज के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्टोन क्रशर स्वामी पर झोंका फायर,आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। दवा छिड़कने की मशीन के विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने स्टोन क्रशर स्वामी पर फायर झोंक दिया। सौभाग्य से वह बाल बाल बच गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से तमंचा बरामद हुआ है। टांडा दभौरा निवासी कुलदीप सिंह ने आईटीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 मई को उसके पड़ोसी भगवंत सिंह पुत्र निसावर सिंह की उसके खेत में काम करने वाले विजेन्द्र सिंह पुत्र रामभरोसे के साथ दवाई छिड़कने की मशीन को लेकर मारपीट व गाली गलौच हो गई थी। इस बात का विरोध करने पर भगवन्त सिंह उससे रंजिश रखने लगा। उसी रात करीब10.30 बजे वह अपने स्टोन क्रशर से घर वापस लौट रहा था। रास्ते मे भगवन्त सिंह और उसके दामाद रमनजीत सिंह पुत्र सरनजीत सिंह निवासी प्रतापपुर, थाना नानकमत्ता ने उसके साथ गाली गलौच की और जान से मारने की नीयत से भगवन्त सिंह ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया। लेकिन वह बाल- बाल (शेष पृष्ठ सात पर)

# योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए गम्भीरता से प्रयास किए जाएं: सीएम

## विद्यालयी शिक्षा,कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में विद्यालयी शिक्षा, तकनीकि शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल विकास एवं खेल विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि प्रदेश के विकास हेतु विभागों द्वारा जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं उनके क्रियान्वयन के लिए गम्भीरता से प्रयास किए जाएं। विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिन जिलों में विद्यार्थी ड्रॉप आउट हो रहे हैं, इनके कारणों का विस्तृत अध्ययन करें और इसे कम करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं व केन्द्र पोषित योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों में तेजी लाई जाए। तकनीकि शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि पॉलिटेक्निक कॉलेजों एवं आईटीआई में समय की मांग के आधार पर कोर्स करवाए जाएं। इसके लिए औद्योगिक संस्थानों से निरंतर आपसी समन्वय बनाये जाने पर ध्यान दिया जाए। उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध को बढ़ावा देने के लिए और प्रयासों की जरूरत है। शोध आधारित मॉडल महाविद्यालय बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं व राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया जाए। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सभी तकनीकि संस्थाओं को एकीकृत रूप में एक प्लेटफार्म पर लाया जाए। रोजगार मेलों का नियमित आयोजन किया जाए और उनका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए। खेल विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि नई खेल नीति में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए जो भी प्रावधान किये गए हैं, उनका सभी को पूरा लाभ मिले। राज्य में 2024 में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां अभी से शुरू कर दी जाएं। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव श्री अभिनव कुमार, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगोली, श्री रविनाथ रमन, श्री विजय कुमार यादव, शिक्षा महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी, निदेशक खेल, श्री जितेन्द्र सोनकर आदि उपस्थित थे।



# पीएमओ के उपसचिव मंगेश घिल्डियाल ने सीएम से की भेंट

देहरादून(उद संवादाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रधानमंत्री कार्यालय में उपसचिव श्री मंगेश घिल्डियाल तथा विशेष कार्याधिकारी श्री केदारनाथ बद्रीनाथ रिडेवलपमेंट वर्क्स श्री भाष्कर खुल्बे ने भेंट की। उन्होंने केदारनाथ एवं बदरीनाथ में संचालित कार्यों के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री से केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों एवं बदरीनाथ में मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर जागेश्वर धाम के मास्टर प्लान के साथ ही



मन्दिर माला परियोजना पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा एवं बर्फबारी के बावजूद बड़ी संख्या में यात्री चारधामों के दर्शन हेतु आ रहे हैं। यात्रा व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किये जाने के लिये यात्रा मार्गों पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में श्री बदरीनाथ एवं श्री केदारनाथ में पुनर्निर्माण के कार्य तेजी से चल रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत रात-दिन कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर श्री केदारनाथ उत्थान चेरिटेबल ट्रस्ट के विशेष कार्याधिकारी श्री सतीश बहुगुणा भी उपस्थित थे।

# भजन सम्राट कन्हैया मित्तल का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चण्डीगढ़ के विख्यात भजन गायक कन्हैया मित्तल का रुद्रपुर पहुंचने पर बाबा भक्तों ने भव्य स्वागत किया। क्षेत्रीय विधायक राजकुमार ठुकराल के अनुज संजय ठुकराल व विनीत जैन के नेतृत्व में बाबा भक्त मंडल रुद्रपुर ने भजन सम्राट कन्हैया मित्तल का रुद्रपुर पहुँचने पर एक निजी स्थान पर पहुँचकर फूलो का गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया व मित्तल के साथ कुछ फुरसत के पल



बिताये वही कन्हैया मित्तल ने कहा रुद्रपुर क्षेत्र से मुझे बहुत प्यार साथ ही बाबा भक्त विक्की मुंजाल का भरपूर प्यार व आशीर्वाद मिलता है। कन्हैया मित्तल का स्वागत करने वालो में समाजसेवी संजय ठुकराल, अग्रवाल महासभा के जिला अध्यक्ष विनीत जैन, बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, कोषाध्यक्ष शिवम तागरा, महामंत्री साहिल आहूजा, सरपरस्त भुवनेश अरोरा, सदस्य तुषार आहूजा, सुमित सहगल, हन्नी ग्रोवर, राजकुमार सीकरी,रुशील अरोरा,गौरव भुड्डी,मानस अग्रवाल आदि ने स्वागत किया।

# महिला सशक्तिकरण विषय पर हुई चर्चा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर के श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता साहिब के तत्वाधान में समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित जी 20 कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सीता मेहता एवं ठ.म्क विभागाध्यक्ष डॉ इंदु बाला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच का संचालन समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. सरस्वती भट्ट द्वारा किया गया। साथ ही इन्होंने महिला सशक्तिकरण की शुरुआत कैसे हुई एवं इसकी आवश्यकता और स्थिति के बारे मे जानकारी प्रदान की। सहायक प्राध्यापक कवीन्द्र सिंह बोरा ने भी महिला सशक्तिकरण के बारे में बच्चों को अवगत कराया। इसके साथ ही इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापिका कामिनी राणा एवं



राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका आरती राणा एवं डॉ मनोज कुमार जोशी ने भी महिलाओं के अतीत से वर्तमान तक के इतिहास के बारे एवं संवैधानिक प्रावधानों के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय प्राचार्य महोदया ने छात्र-छात्राओं महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए यह बताया कि महिलाओं को शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में जागरूक होना चाहिए जिससे वे अपने को बेहतर बना सकती है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने कहा कि महिलाएं समाज का आधा भाग है। अत: महिलाओं से ही समाज का पूर्ण निर्माण संभव है। इसके साथ ही महाविद्यालय की छात्राओं सविता गौतम, प्रेरणा राणा कोमल राणा, कमला भट्ट, सिमरन राणा, नीतू माझी, रिंपी कौर ने नाटक की प्रस्तुति दी एवं पूर्णिमा, समीर सिंह, प्रेरणा राणा, रिंपी, सुरेंद्र, कमला भट्ट, ज्योति शर्मा, दीपिका रॉय, नीतू माझी, जागृत मिश्रा आदि विद्यार्थियों ने भाषणों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर गोपाल सिंह, मनोज कुमार, तेज प्रकाश जोशी, ज्योति राणा, प्रिया कुमारी, वर्षा सक्सेना, रोशन कुमार, अफ्शा खान, रश्मि सारथी, हरविंदर सिंह, प्रिया थापा, नीमा गोस्वामी, पूनम राणा, दुर्गानाथ, देवराम समेत छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# श्री सालासर धाम नील पुजारी रविशंकर जी का रुद्रपुर में भव्य स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री सालासर धाम के निज पुजारी रविशंकर जी महाराज का जनपद में पहुंचने पर बाबा भक्तों ने स्वागत किया और उन्हें फूलो का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। रुद्रपुर गांधी पार्क में श्री श्याम बाबा के विशाल कीर्तन में पहुंचने से पूर्व जनपद आगमन पर समाजसेवी संजय ठुकराल के नेतृत्व में एक निजी होटल में पहुंचकर श्री रवि शंकर जी महाराज जी को पुष्पगुच्छ



देकर स्वागत किया। व उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया ।स्वागत करने वालो में वरिष्ठ समाजसेवी संजय ठुकराल, महासभा के जिला अध्यक्ष विनीत जैन,अमित जिंदल, अजय बंसल,अरविंद गुम्बर, बाबा भक्त मंडल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल, कोषाध्यक्ष शिवम तागरा, महामंत्री साहिल आहूजा, सरपरस्त भुवनेश अरोरा, सदस्य तुषार आहूजा, सुमित सहगल, हन्नी ग्रोवर, राजकुमार सीकरी,रुशील अरोरा,गौरव भुड्डी,मानस अग्रवाल आदि शामिल थे।

# केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ.भारती प्रवीन ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीन पवार ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने डॉ. भारती से उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी ने किया कार्यकारिणी का गठन

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विनीत चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना और युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी की संस्तुति पर युवा मोर्चा की गदरपुर इकाई का गठन किया गया मुनि भुसरी ने बताया। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष विक्रमजीत सिंह, शिवम कुमार एवं समन मुंजाल, महामंत्री प्रियांशु गुप्ता एवं कुणाल कालड़ा, मंत्री विभोर चावला,रवि शर्मा एवं चिराग अनेजा ,कोषाध्यक्ष शोभित हुड़िया ,सोशल मीडिया प्रभारी पोरुष् गुप्ता एवं आईटी प्रभारी भगत सैनी मनोनीत किए गए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा की नीतियों का जन-जन तक प्रसार करने का आह्वान करते हुए शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई ।



# लाखों की धोखाधड़ी करने वाला शातिर हरिद्वार से दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोगों से ट्रेडिंग वेबसाइड में ट्रेड के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना को एसटीएफ ने हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एसटीएफ ने ठगी के इस्तेमाल में कई मोबाइल, जीमेल आईडी और कई बैंक के डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। आरोपी इंदौर में फर्जी ट्रेडिंग कंपनी से लोगों को कॉल कर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे दिलाने का लालच देकर ठगी का शिकार बनाता था। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए साइबर थाना प्रभारी ललित जोशी ने बताया कि फरवरी माह में ट्रांजिट कैंप निवासी समीर सैन ने साइबर पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें कहा गया था कि दिसंबर 2022 में एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे ट्रेडिंग के संबंध में फोन किया था। इस दौरान फोन पर बात कर रहे व्यक्ति ने उसे अधिक मुनाफा दिलाने का भरोसा देते हुए एंजल ब्रोकिंग एप्लिकेशन में उसका डिमेट अकांउट बनाया था। कुछ दिन अच्छा मुनाफा देने के बाद आरोपी ने एप्लिकेशन में खराबी होने की बात कहकर अपनी ट्रेडिंग वेबसाइड पर उसका डिमेट अकांउट बनाने के नाम 14 लाख रुपए की ठगी की थी। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की जीमेल आईडी और मोबाइल नंबर से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि सात दिन पहले आरोपियों का पांच राज्यों में इनपुट मिला था। इस पर एसएसपी एसटीएफ के निर्देश पर पांच टीमों को पांच राज्यों के 20 स्थानों पर दबिश देने के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि दबिश के दौरान हरिद्वार से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पता भगीरथपुरा इंदौर निवासी विजय चावला पुत्र मोहन चावला बताया। उसका कहना था कि डेढ़ वर्ष पूर्व वह काल सेंटर में काम करता था। बाद में उसने नोयड़ा में अपना काल सेंटर खोला। जहां उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गेन्स मोर ब्रोकिंग डाट कॉम के माध्यम से मार्केट में ऑन लाईन ट्रेडिंग कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर एंगल ब्रोकिंग एप में डिमेट एकाउंट बनाकर ट्रेडिंग शुरू कराई। उसका कहना था कि लोगों से ठगी गई धनराशि निकालने के लिए भी फर्जी आईडी के बैंक खातों का प्रयोग किया जाता था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में साइबर थाना प्रभारी ललित मोहन जोशी, एसआई दिनेश पंत, एएसआई सत्येन्द्र गंगोला, कां. मनोज कुमार, मौ. उस्मान व रियाज अख्तर शामिल थे।



# परविंदर कौर को मिली डाक्टर की उपाधि

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कुमाऊं विवि के वाणिज्य विभाग ने परविंदर कौर को डाक्टर की उपाधि प्रदान की है। परविंदर ने राजकीय महाविद्यालय बाजपुर के वाणिज्य विभाग के डॉ.मनप्रीत सिंह के मार्ग दर्शन में अपना शोध कार्य किया।उन्होंने अपने शोध कार्य का श्रेय अपने शोध संयोजक प्रोफेसर अतुल जोशी एवं शोध निदेशक डॉ मनप्रीत सिंह को दिया है। परविंदर ने शोध कार्य के लिए अपने ससुर हरभजन सिंह ,सास तजिंदर कौर, पति भूपिंदर सिंह का आभार व्यक्त किया है । साथ ही परविंदर कौर ने अपनी थीसिस का श्रेय अपने पिता अमरजीत सिंह एवं माता राजिंदर कौर को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार के सहयोग के बिना इस कार्य को पूरा करना संभव नहीं था। मेरे परिवार ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए पूरा सहयोग किया।



वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे– छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# डीएम ने की 'कैच द रेन' योजना की समीक्षा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जल संरक्षण के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित अभियान ष्कैच द रेनष के अंतर्गत जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की जिलाधिकारी रीना जोशी द्वारा समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सिंचाई, विकास, कृषि, वन, पेयजल निगम, जल संस्थान, जलागम, लघु सिंचाई, पंचायती राज आदि सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वर्षा जल संग्रहण हेतु बनाए जा रहे तालाब, रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक, सिंचाई टैंक, चौकडैम आदि निर्माण कार्यों सहित जल संवर्धन को लेकर किये जा रहे हैं अन्य कार्यों के बारे में विभागवार विस्तृत जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि उनके द्वारा जल संग्रहण व संवर्धन को लेकर अभी तक जो भी कार्य कर लिये गये हैं तथा इस वर्ष जो कार्य किये जाने हैं उनका ब्यौरा नोडल अधिकारी सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को उपलब्ध करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग कैच द रैन के अंतर्गत जनपद में निर्मित किये गये दो–दो मॉरल प्रोजेक्ट को भी चिन्हित कर ले ताकि भारत सरकार की ओर से पहुंचने वाले वैज्ञानिक को इन मॉरल प्रोजेक्टों का भ्रमण कराया जा सके।



जिलाधिकारी ने कहा कि जल संग्रहण व संवर्धन के लिए आगे जो कार्य योजना बनायी जाय वह किसी एक संपूर्ण क्षेत्र के जल संग्रहण को ध्यान में रखते हुए विस्तृत रूप में बनायी जाय।उन्होंने जलागम के अधिकारी को निर्देश दिये कि उनके द्वारा जलागम के अंतर्गत जनपद में जल संग्रहण व संवधन को लेकर जो भी कार्य किए जा रहे हैं उनका ब्यौरा व फोटोग्राफ व्हाट्सअप पर उपलब्ध कराये जायें। जिलाधिकारी ने जनपद में स्थित नौलो–धारों का ब्यौरा

# भारत विकास परिषद शाखा का अधिष्ठापन समारोह संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद का अधिष्ठापन समारोह गत दिवस आयोजित किया गया। जिसमें भवानी शंकर नीरज अध्यक्ष, डॉ. अभिषेक मित्तल सचिव, अमित अग्रवाल कोषाध्यक्ष, तथा डॉ. निधि अग्रवाल महिला संयोजिका के साथ कार्यकारिणी के अन्य सभी सदस्यों व प्रकल्पों के संयोजकों ने अधिष्ठापना अधिकारी प्रियांशु बंसल (प्रांतीय कोषाध्यक्ष) से शपथ ग्रहण करते हुए अपने दायित्वों की पूर्ण निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। क्षेत्रीय संयुक्त सचिव भगवान सहाय अग्रवाल तथा प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता ने हल्द्वानी शाखा को प्रान्त स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। इस अवसर पर हल्द्वानी शाखा ने अपने स्थाई प्रकल्प में नया अध्याय जोड़ते हुए पापड़ कुटीर उद्योग की इकाई का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ. अभिषेक मित्तल तथा अध्यक्षता भवानी शंकर नीरज द्वारा की गयी।क्षेत्रीय सचिव महिला एवं बाल विकास योगाचार्य पाला मेहता द्वारा तीन नए सदस्यों को परिषद की सदस्यता ग्रहण करवाई गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाखा संरक्षक दीपक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, दीपक बक्शी, डा. अतुल राजपाल, रूपम अग्रवाल, डा. मोनिका मित्तल, एकता अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सचिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



# ब्रजभूषण को गिफ्तार करने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज हल्दूचौड़ में आइसा के छात्रों द्वारा दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से पुलिस द्वारा की गई मारपीट व आरोपी ब्रजभूषण को गिफ्तार करने की मांग को लेकर कालेज गेट पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया तथा आंदोलित महिला पहलवानों को समर्थन दिया। छात्रों का कहना था कि आइसा महिला पहलवानो के साथ पुलिस द्वारा किए गए मारपीट व दमन की घोर निन्दा करता है और सभी दोषी अधिकारियों को बर्खास्त करने को मांग करता है। उन्होंने बृजभूषण को तुरंत गिरफ्तार करनेऔर जांच होने तक उन्हें पुलिस निगरानी में रखने की भी मांग की। आइसा जिला उपाध्यक्ष संजना यादव ने कहा कि सरकार जिस तरह दोषियों को बचाने में लगी हुई है उससे सरकार का महिला विरोधी रवैया साफ दिखाई दे रहा है। महिला पहलवान अपने न्याय के लिए धरने पर बैठी हैं जिनको सरकार हर तरीके से कुचलने की कोशिश कर रही हैं। वहीं आरोपी बृजभूषण खुला घूम रहा है जिस पर सरकार चुप्पी साध कर बैठी है। जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने पुलिस द्वारा किए गए मारपीट को सरकार की आंदोलन को तोड़ने की साजिश करार दिया। उन्होंने कहा जब खिलाड़ी मेडल जीत कर लाते हैं तो भाजपा के नेता और प्रधानमंत्री मोदी बड़ी तारीफे करते हैं अपनी राजनीति चमकाने का काम करते हैं। वही आज महिला पहलवान अपने लिए न्याय मांग रही हैं तो उनको पुलिस द्वारा मारा पीटा जा रहा है। इस दौरान रितेश प्रजापति, अभिषेक शाह, विशाल प्रजापति, चंदन, ज्योति, रूकसार, सुशीला बैरागी, प्रियांशी, अर्शी, उन्नति, एलिशा, ललिता रॉय आदि छात्रख्रछात्राएं मौजूद रहे।



# दिल्ली पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का गठन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली पब्लिक स्कूल में सत्र 2023–24 के लिए विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई । सभी पदाधिकारियों ने अपने पदों की गरिमा को बनाए रखते हुए पूर्णनिष्ठा तथा ईमानदारी से विद्यालय द्वारा दिए गए कार्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ठ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित करके किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने स्वागत भाषण में उपस्थित आगंतुकों का अभिनन्दन किया तथा विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। परिषद के सदस्यों का चयन उनकी शैक्षणिक तथा शिक्षणेत्तर क्रिया कलापो में सकारात्मक भागीदारी के आधार पर किया गया। विद्यालय के हेडबॉय हेडगर्ल के साथ ही स्पोर्ट्स कैप्टन उप स्पोर्ट्स कैप्टन और चारों सदनों के कप्तानों तथा सहायक कप्तानों ने भी शपथ ली। इस अवसर पर गत वर्ष के मेधावी छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए भी प्रमाणपत्र एवं पदक दिए। इस अवसर पर गणेश वंदना के साथ ही अनेक रंगारंग कार्यक्रम हुए। विद्यालय बैंड की देशभक्ति पूर्ण मनमोहक धुन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने अपने उदबोधन में चयनित पदाधिकरियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि आप देश के भावी कर्णधार है। सदैव अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्णनिष्ठा एवं लगन से करे एवं अपने माता पिता विद्यालय और देश का नाम विश्व मे रोशन करें। इस अवसर पर आशुतोष शर्मा डिप्टी जनरल मैनेजर बजाज ऑटो लिमिटेड श्रीमती मीना देउपा एडिशनल डिस्ट्रिक्ट सेशन जज विवेक गर्ग,प्लांट हेड परफेट्टी श्रीमती निर्मला बिष्ट– डिप्टी डायरेक्टर मंडी समिति सहित अनेक गणमान्य अतिथि तथा अभिभावक उपस्थित थे।




# सुरेश यादव बने वार्ड नंबर दो के कांग्रेस अध्यक्ष

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। आगामी निकाय चुनावों को देखते हुए महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने वार्डों में पार्टी की टीम को मजबूत बनाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिये हैं। इसी के तहत वार्ड नंबर दो में आयोजित एक कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष ने सुरेश यादव को वार्ड अध्यक्ष बनाने की घोषणा की और उन्हें वार्ड की कार्यकारिणी जल्द बनाने को कहा। वार्डों में कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने शुक्रवार को वार्ड नं. दो कृष्णा कालोनी और राजा कालोनी का भ्रमण किया और कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव की तैयारी में जुटने का आहवान किया। इस दौरान उन्होंने लम्बे समय से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता सुरेश यादव को वार्ड का अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा की। उन्होंने नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष से जल्द से जल्द अपनी कार्यकारिणी बनाने को कहा। नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष का महानगर अध्यक्ष सहित वहां मौजूद समस्त कांग्रेसियों ने फूल मालाओ से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि वार्डों में भ्रमण का यह अभियान जारी रहेगा। सभी वार्डों में कमेटियां गठित कर जल्द ही पीसीसी को लिस्ट भेजी जायेगी। उन्होने कहा कि निकाय चुनाव दमखम के साथ लड़ने के लिए पार्टी पूरी तरह तैयार है। संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाया जायेगा। महानगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने का आहवान भी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है। भाजपा सरकार सरकारी तंत्र से लेकर मंत्री तक बेलगाम हो चुके हैं। भाजपा के कैबिनेट मंत्री सरेआम जनता के साथ मारपीट करके गुण्डई कर रहे हैं इससे शर्मनाक स्थिति और क्या हो सकती है। सीपी शर्मा ने ट्रांजिट कैम्प में पुलिस की तानाशाही पर भी आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब तक तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अत्याचार किया जा रहा था अब पुलिस भाजपा के लोगों को भी सरेआम पीटने लगी है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के किसी भी कार्यकर्ता का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ने की कोशिश का मुंह तोड़ जवाब दिया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन ने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग की पार्टी है। कांग्रेस ने कभी जाति धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया। गरीबों को हमेशा आगे बढ़ाने का काम किया। भाजपा सरकार में आज लगातार बढ़ रही महंगाई, भ्रष्टाचार बेरोजगारी से जनता त्रस्त हो चुकी है। पार्षद मोहन खेड़ा ने भी सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा सरकार की नीतियों का जनता मुंह तोड़ जवाब देगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अर्जुन विश्वास, सुनील आर्य,विजय पाल यादव, ओमप्रकाश गंगवार, प्रेमपाल लोधी, मोहन सिंह, मोहन लाल शर्मा, कृष्ण पाल सिंह, छत्रापाल सिंह, महेश यादव, हरीश कुमार, प्रमोद कुमार, डाल चन्द्र शर्मा, राध्श्याम, मलखान यादव, गौरव गंगवार, छत्रापाल सिंह, सुमन रमेश कुमार प्रजापति,सीमा यादव, दीपा कश्यप,मीना गंगवार, पिंकी राठौर, मीना यादव, माया शर्मा आदि मौजूद रहे।





# मंदिर अब बनने लगा है..भगवा रंग चढ़ने लगा है






## ❑ कन्हैया मित्तल के भजनों पर झूमा रूद्रपुर
## ❑ श्याम संकीर्तन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर का गांधी पार्क शनिवार रात भक्ति के रंग में सराबोर रहा। भजन सम्राट कन्हैया मित्तल और अमन सांवरिया के भजनों पर हजारों श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गये। इससे पूर्व शहर में विशाल निशान यात्रा भी निकाली गयी। जिससे पूरे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। अखिल भारतीय श्री श्याम परिवार श्री श्याम मित्र मण्डल परिवार, श्री सालासर सेवा समिति, अग्रवाल युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित श्याम संकीर्तन एवं श्री सालासर बालाजी दरबार का शुभारम्भ शहर के वरिष्ठ समाजसेवी हरीश मुंजाल, ध्रुव मुंजाल और विजय भूषण गर्ग ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्वलित करके किया। भजनों की शुरूआत गणेश वंदना और गुरू वंदना से हुयी। मंच पर शुरूआत में शहर के भजन गायक अमन सांवरिया ने अपने भजनों से माहौल को भक्ति मय बना दिया। अमन सांवरिया ने हनुमान को खुश करना आसान होता है..., सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये हैं. ..ओम श्री श्याम देवाय नमः, गजब हैं खाटू वाले, भक्ति भाव से सजाया ये निशान सांवरे, सारे जग में डंका बाजे मेरे शीश के दानी का..,बम लहरी.., कीर्तन की है रात. बाबा आज थाने आणो है..,मेरी आस रहे विश्वास रहे. . आदि भजनों की प्रस्तुति दी। भीड़ से खचाखच भरे गांधी पार्क में देर रात भजन सम्राट कन्हैया मित्तल की एंट्री हुई। उन्होंने आते ही समां बांध दिया। कन्हैया मित्तल ने गणेश वंदना के बाद सुंदर भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कन्हैया मित्तल ने आओ जी आओ, ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है..,मेरी झोली भर दीजिये श्याम बाबा,माला जपू तेरे नाम की परवाह नहीं संसार की, हारा हूं बाबा तुझपे भरोसा है,एक फूल गुलाब का लाया हूं चरणों में तेरे अर्पण के लिए, मंदिर अब बनने लगा है भगवा रंग चढ़ने लगा है..,राम जी की सेना चली, लहर लहर लहराये रे झंडा बजरंग बली का. .., दुनियादारी सारी बाबा छोड़ के लेने आजा खाटू वाले, सेठों का सेठ बाबा हमारा सबसे ग्रेट, जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे.. आदि भजनों से पूरी रात हजारों श्रद्धालुओं को गांधी पार्क में जमे रहने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यक्रम के व्यवस्थापक पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संयोजक विनीत जैन, संजय ठुकराल, सह संयोजक संदीप रावत, विक्की मुंजाल सहित आदि ने कन्हैया मित्तल का स्वागत करते हुए उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इससे पूर्व शहर में विशाल निशान यात्रा निकाली गयी जो गल्ला मण्डी स्थित श्याम मंदिर से शुरू होकर गांधी पार्क पहुंची। जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ निशान यात्रा का स्वागत किया गया। कीर्तन में सालासर मंदिर के मुख्य पुजारी रविशंकर,अरविंद गुंबर, नरेंद्र बंसल, गौरव सिंघल, सचिन अग्रवाल (मोनू), अमित जिंदल, श्रीओम अग्रवाल, मुकेश गोयल, राजकुमार जैन, राकेश शर्मा, नरेंद्र रावत, योगेंद्र जिंदल, जितेंद्र अग्रवाल, हरि अग्रवाल, अजय अग्रवाल, हिमांशु जिंदल, अमित बंसल, कुशल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, कपिल शर्मा, गोविंद अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, विकास जिंदल, अजय बंसल (एमडी), नितिन अग्रवाल, विनय बंसल, सूरज अग्रवाल, आयुष गर्ग, संजीव गुप्ता, नरेन्द्र बंसल,विकास बंसल, शिवम तागरा, साहिल आहूजा, भुवनेश अरोरा, सदस्य तुषार आहूजा, सुमित सहगल, हन्नी ग्रोवर, राजकुमार सीकरी,रुशील अरोरा,गौरव भुड्डी,मानस अग्रवाल आदि समेत हजारों लोग मौजूद थे।








# बैठक में व्यापारियों के पुर्नवास के लिए शिवनगर स्थित भूखण्ड पर बनी सहमति

रूद्रपुर(उदसंवाददाता)। विगत दिनों अतिक्रमण की जद में आये लोहिया मार्किट ओर समोसा मार्किट व्यापारियों ने विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सभागार में पुनर्वास हेतु गठित 11 सदस्य व्यापारियों की कमेटी व प्रशासन की तीन सदस्यी टीम के साथ बैठक की। बैठक में व्यापारियों द्वारा चयनित 7 स्थानों में से आखिरी में शिवनगर क्षेत्र में झील के सामने पड़े रिक्त भूखण्ड को लेकर सहमति बनी। जिसको बैठक के दौरान प्रशासन के अधिकारियों के बीच उक्त स्थान पर पुनर्वास के विषय को रखा गया। जिसपर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि काफी विचार विमर्श के बाद उक्त भूमि पर सहमति बनी है जिसके लिये विधायक ने ओसी एसडीएम प्रत्युष सिंह को उसके प्रस्ताव बनाकर आगे बढ़ाने के लिए कहा। विधायक अरोरा ने आगामी 12 मई को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूद्रपुर आना है। व्यापारियों के साथ उक्त चयनित भूमि पर पुनर्वास की कार्यवाही को आगे बढ़ने के लिये मुख्यमंत्री के समक्ष इस अति महत्वपूर्ण विषय को रखेंगे। विधायक अरोड़ा ने उम्मीद जताई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इसके आदेश करने के पश्चात इसकी प्रशासनिक प्रक्रिया आगे बढ़ जायेगी। जल्द ही इस भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया आगे बढ़ते ही यह पुनर्वास के तहत व्यापारियों को बसाने का रास्ता साफ होगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि निश्चित रूप से धामी सरकार व्यापारियो के साथ है और इस पहल के सार्थक परिणाम निकलने की पूरी उम्मीद हैं। इस दौरान बैठक में एसडीएम प्रत्युष सिंह, प्राधिकरण सचिव नबियाल,सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, इंजीनियर विजय माथुर, तहसील नीता डागर, पटवारी जंगपांगी, महेन्द्र बिष्ट, शरीक अली, व्यपार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, आशु ग्रोवर, मनोज मदान, मुकेश कुमार, विनोद ठुकराल, शेलेन्द्र ग्रोवर,सोनू अनेजा, इंद्रजीत सिंह, बलदेव ग्रोवर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# सरकारी परिसम्पत्तियों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एसएसपी मन्जूनाथ टीसी तथा अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने संयुक्त रूप से जनपद में सरकारी परिसम्पत्तियों को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय भूमि पर अतिक्रमण से सम्बन्धित सम्पूर्ण डाटा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अतिक्रमण से सम्बन्धित आधी-अधूरी सूचना कतई उपलब्ध न कराई जाये। उन्होंने निर्देश दिये सरकारी भवनों, सम्पत्तियों के सामने भी किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो। उन्होंने अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को नोटिस जारी करने तथा नोटिस के बावजूद अतिक्रमण न हटाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों से सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने निर्देश दिये कि डाम, सिंचाई, वन क्षेत्रों आदि पर कब्जे की सूची ग्रामवार तैयार की जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य पता होना चाहिए कि किस प्रकार से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि कम्पार्टमेंट, सब डिवीजन तथा डिवीजन लेवल पर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया की जायेगी। इसके इसके साथ ही महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये गये।बैठक में ट्रेनी आईएएस अनामिका, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, मनीष बिष्ट, अभय प्रताप सिंह, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, निदेशक मण्डी निर्मला बिष्ट, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, डीपी आरओ आरसी त्रिपाठी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



# सड़क मार्गों को अतिक्रमण से मुक्त किया जाये

## मण्डलायुक्त दीपक रावत जनता दरबार में किया समस्याओं का निस्तारण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मण्डलायुक्त श्री दीपक रावत ने शनिवार को विगत जनता दरबार में शिकायत कर्ताओं के द्वारा लम्बित शिकायतों के साथ ही जनता दरबार में फरियादियों द्वारा मुख्यतया: पेयजल, सडक, पेंशन, भूमि, अतिक्रमण,विद्युत आदि की समस्या से सम्बन्धित शिकायतें दर्ज हुई, दर्ज शिकायतों का आयुक्त श्री रावत द्वारा समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया। आयुक्त ने कहा कि जनता दरबार में शिकायतकर्ता स्वयं अपनी समस्या लेकर आयें ताकि शिकायतकर्ता की समस्या का संज्ञान लेकर उसे मौके पर निस्तारित किया जा सके। आयुक्त ने सरकारी भूमि के साथ ही सड़क मार्गों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण को गम्भीरता से लिया है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी एवं नगर निगम के साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सरकारी भूमि के साथ ही सडकों पर अतिक्रमण को अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण होने पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारी जिम्मेदार होंगे तथा उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त ने मण्डल के सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि उपजिलाधिकारी कोर्ट में राजस्व के साथ ही अन्य मामले काफी समय से लम्बित है। उन्होंने कहा प्रत्येक सप्ताह नियत तिथियों में कोर्ट में सुनवाई कर लम्बित मामलों का निपटारा शीघ्र कर लिया जाए ताकि आमजनमानस की समस्यायें का ससमय निदान हो सके। जनता दरबार में वार्ड न0- 34 कोरता के निवासी ने बताया कि वार्ड न0-34 मे नगर निगम हल्द्वानी द्वारा सडक मरम्मत एवं टेण्डर स्वीकृत किया गया है, ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारम्भ कर दिया



है लेकिन सडक पर भुवन लाल साह द्वारा अतिक्रमण कर कार्य में बाधा डाली जा रही है। जिस पर आयुक्त ने सिटी मजिस्ट्रेट, नगर निगम को निर्देश दिये कि तत्काल मौके पर जाकर सडक को अतिक्रमण मुक्त कर सडक का मरम्मत का कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये तथा उन्होंने कहा कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाए। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह बिष्ट ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को आयुक्त के द्वारा ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें श्री बिष्ट ने द्वारा बताया गया कि गौलापार-चोरगलिया क्षेत्र में आवारा पशुओं के द्वारा किसानों की फसलों के साथ ही आये दिन सडकों मे दुर्घटनायें होती रहती है। उन्होंने इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की। जगमोहन बुधानी द्वारिका पुरी फेस-1 ने उनक भवन जीर्णशीर्ण हो चुका है भवन का पुन: निर्माण हेतु मानचित्र प्राधिकरण से पास कराने हेतु शुल्क जमा करने के उपरान्त भवन का मानचित्र वर्तमान तक पास नही होने की समस्या से अवगत कराया। जिस पर आयुक्त ने सचिव प्राधिकरण को जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश मौके पर दिये। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण के साथ ही अनेकों समस्यायें आयी जिसका आयुक्त ने शिकायत कर्ता के साथ ही सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर समस्याओं का समाधान मौके पर किया।

## पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच कार्यकारिणी के सदस्यों को दिलायी शपथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पद एवंम गोपनीयता की शपथ ली। संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुपाल ने हीरानगर मंच कार्यालय में आयोजित एक सादे



समारोह में पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलायी। संस्था के संरक्षक हुकम सिंह कुंवर सहित 19 लोगों ने शपथ ली। शपथ लेने वालों में उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, महासचिव यूसी जोशी, सचिव देवेंद्र सिंह तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, आय व्यय निरीक्षक कैलाश जोशी, कार्यकारणी सदस्य कमल जोशी, धर्म सिंह बिष्ट, यशपाल टम्टा, ऋतिक आर्या, शोभा बिष्ट, पुष्पा संभल, ललित प्रसाद, चंद्र शेखर परगाई, कमल किशोर, लक्ष्मण सिंह महरा, ललित बिष्ट, नीरज बगड़वाल, संदीप भैसोड़ा, बृजमोहन बिष्ट शामिल थे।अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल बाद में शपथ लेंगे पारिवारिक शोक के कारण वह नहीं आ पाए।इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुपाल ने कहा कि संस्था के मूल उद्देशों से किसी को भटकना नहीं है। कुमायूं संस्कृति व उसके उत्थान एकता के लिए काम करना है। उन्होंने कुमायूं की जनता से अपील की वह जातिवाद से बचें, बाहरी लोग जातिवाद फैलाकर कुमायूं की एकता को तोड़ना चाहते है। एकता बनाएं रखें, कुमायूं की संस्कृति को बढ़ाने मैं सहयोग करें। संरक्षक हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि नई कार्यकारणी मंच की गरिमा बनाएं। ऐसा कोई काम न करें जिससे मंच की मर्यादा को नुकसान हो। कुंवर ने कहा कि मंच में शराब, नशा आदि का सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने मंच को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जायेगा। कुमायूं अंचल की संस्कृति को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने कहा सातू आठू पर्व, गौरा, हरेला, मुनस्यारी, धारचूला, सहित पहाड़ी होली को भी बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, भुवन जोशी, मधु सांगुड़ी, बृजमोहन सिजवाली, दिनेश सांगुडी, चंपा चिलवाल, पार्षद राधा आर्या, विनोद कुमार, पूरन भंडारी मेला संयोजक, प्रकाश चंद, संजय शेखर, चंपा त्रिपाठी, नितेश मेवाड़ी , रंगकर्मी भुवन जोशी आदि लोग उपस्थित थे।

## मिस उत्तराखण्ड सोनिया रौतेला ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में मिस उत्तराखण्ड-2023 साइना रौतेला ने मुलाकात की। राज्यपाल ने सुश्री रौतेला को मिस उत्तराखण्ड-2023 बनने हेतु बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की बेटियां बेहद प्रतिभाशाली हैं। इस तरह के मंच उन्हें अपनी प्रतिभाओं को और निखारने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की बेटियों में चुनौती को स्वीकार करने व उससे निपटने का एक अलग ही जज्बा है। राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने में उत्तराखण्ड की बेटियों की बड़ी भूमिका है। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सुश्री रौतेला के पिता मेजर हिमांशु रौतेला, माता श्रीमती स्वीटी रौतेला भी उपस्थित रहीं।



## भारत विकास परिषद शाखा का रकतदान एवं नि:शुल्क नेत्र परिक्षण शिविर संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एमबीपीजी महाविद्यालय में भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम द्वारा रक्तदान एवं नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ आईजी नीलेश आनन्द भरने, प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी व भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष आरके गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया। शिविर मै 53 यूनिट रक्त बेस हॉस्पिटल एवं बालकिशन देवकी जोशी चेरिटेबल केंद्र के ब्लड बैंक की टीम द्वारा




एकत्रित किया गया। शिविर में नि:शुल्क 90 लोगों का नेत्र परिक्षण भी किया गया। इस मौके पर प्रांतीय संगठन मन्त्री डा. विनय खुल्लर, अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, दीपक बिष्ट, रश्मि जैन, छात्र संघ अध्यक्ष रश्मि लगड़िया,राजेश अग्रवाल, हरीश गोरा, राजीव रावत, ममता खुल्लर, विशाल सिंघल, रेनू बिष्ट, सुनील, कनिका बमेटा, रेनू , संजय गर्ग, दर. सीएस हयांकी, सरिता रावत, अंजलि सिंह, गिरीश मोनी, डा. दीपा वर्मा, डा. किरण, डा. राकेश, डा. संजय, डा. मंजू पनेरू, नीलम, मुकुल, संजय आदि उपस्थित थे। अन्त में डा. खुल्लर ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं कहा जनहित में ऐसे शिविरो का आयोजन भारत विकास परिषद सदैव करती रहेगी।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री अग्रसेन भवन में श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी द्वारा मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नई दिल्ली के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, महामंत्री आशुतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार , संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल पप्पी, रजत अग्रवाल, पार्षद राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, निशुल अग्रवाल, मनोज



उद्घघाटन मुख्य अतिथि महापौर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला द्वारा किया। शिविर में 200 से अधिक लोगों ने अपनी कैलेस्ट्रोल, थायराइड, शुगर, फेफड़े व हड्डियों की जांच करवाई। हॉस्पिटल के डॉक्टर अरुण कुमार व डॉ. श्याममुद्दीन द्वारा मरीजों का निशुल्क इलाज लिखा गया। इस अवसर पर अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, अभिषेक मित्तल, वैश्य महासभा के महामंत्री भवानी शंकर नीरज, वैश्य महिला समिति अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, सीमा देवल, बीनू जायसवाल, सरिल गोयल, नरेंद्र साहनी, जीवनसिंह कार्की,कपिल अग्रहरि, मैक्स लैब से दीपक कुमार सिंह, कमल सिंह, नीरज पांडे आदि उपस्थित रहे।

## चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को भेजा जेल

गदरपुर(उद संवाददाता)। चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस के अनुसार थाना अध्यक्ष राजेश पांडे ने बताया, कुछ दिन पहले पुलिस ने इस्लाम नगर निवासी शानू को गिरफ्तार किया था शानू ने नगर के एक स्कूल में ताले तोड़कर बाथरूम की टोटियां और अन्य चुराया था उन्होंने बताया कि उसने चोरी किए माल को भोला कॉलोनी निवासी कबाड़ की दुकान चलाने वाले मोहम्मद आरिफ को बेचा था पुलिस ने मोहम्मद



आरिफ के विरुद्ध जांच करते हुए उसे दोषी पाया । शनिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया । पूर्व में भी क्षेत्र के कई घरों और दुकानों से चोरी की वारदात आए दिन हो रही है चुराए गए सामान को क्षेत्रीय कांवड़ियों को बेचे जाने से कबाड़ी भी संदेह के घेरे में है । पूर्व में पुलिस द्वारा कबाडिओं की मीटिंग करके उन्हें चोरी का माल ना खरीदने तथा पुलिस को चोरों की सूचना देने के निर्देश दिए गए थे, परंतु कावड़ियों द्वारा नजरअंदाज करके आए दिन चोरी का माल खरीद कर वारे न्यारे किए जा रहे हैं ।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## रूस पर हमला

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में अब एक नाटकीय मोड़ आ गया है। रूस ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने उसके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या के इरादे से दो जंगी ड्रोनों से क्रेमलिन पर हमला किया। हालांकि उन्हें निष्प्रभावी कर दिया गया और उसमें कोई हताहत नहीं हुआ। उधर यूक्रेन का कहना है कि इस हमले से उसका कोई लेना-देना नहीं है।रूस इसे लेकर कहानी बना रहा है, ताकि उसे उकसाया और नौ मई को होने वाली उसकी विजय दिवस परेड में व्यवधान डाली जा सके। मगर रूस ने इस आधार पर जवाबी कार्रवाई तेज कर दी है। यूक्रेन की कई जगहों पर हमले किए गए हैं, जिसमें अनेक लोगों के मरने की खबर है। दोनों देशों को यह जंग लड़ते करीब सवा साल होने आए, मगर अब तक इसे रोकने का कोई रास्ता नहीं तलाशा जा सका है। अब तो पश्चिमी देश भी खुल कर यूक्रेन के समर्थन में उतर आए हैं। इससे रूस की नाराजगी और बढ़ गई है। मगर यह लड़ाई इस स्तर पर पहुंच जाएगी कि रूस के राष्ट्राध्यक्ष को ही जान से मारने की साजिश रच दी जाएगी, इसका अंदाजा शायद किसी को न रहा होगा। हालांकि यह घटना अब भी बहुत सारे लोगों के लिए अबूझ पहेली की तरह बनी हुई है कि आखिर यूक्रेन ने यह साजिश रची क्यों। मगर एक तर्क यह है कि यूक्रेन को जिस तरह रूस ने तबाह कर दिया है और उसके करीब तीस फीसद हिस्से पर कब्जा जमा लिया है, उसमें उसकी खीज स्वाभाविक है। मगर जिस तरह क्रेमलिन की सुरक्षा-व्यवस्था चाक-चौबंद है, उसमें सेंध लगाना इतना आसान कैसे हो गया, यह एक सवाल बना हुआ है। इसलिए यह भी तर्क दिया जा रहा है कि इस हमले की रूपरेखा खुद रूस ने तैयार की हो, ताकि वह पश्चिमी देशों को बता सके कि यूक्रेन किस प्रकार की स्तरहीन कार्रवाई कर रहा है। इस घटना के पीछे उसका मकसद अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी यह दिखाना हो सकता है कि गलती उसकी नहीं, बल्कि यूक्रेन की ही है, जो अब आतंकवादी हरकतों पर उतर आया है। इसकी हकीकत क्या है, उस पर से पर्दा जब उठेगा, तब उठेगा या क्या पता कि कभी उठ ही न पाए। मगर इस युद्ध को लेकर एक सवाल बार-बार रेखांकित होता रहा है कि आज के समय में जब राष्ट्रों की हैसियत उनकी आर्थिक संपन्नता से आंकी जाती है और युद्ध का आखिरकार कोई हल निकलता नहीं, तब दोनों देश इतने लंबे समय से क्यों अपना धन इस पर बहा रहे हैं। फिर, इस युद्ध को रोकने के लिए गठित अंतरराष्ट्रीय संगठनों की प्रासंगिकता क्या रह गई है। यूक्रेन ने रूस से अलग होकर स्वतंत्र देश के रूप में अपनी पहचान कायम की थी। इस तरह उसे इस बात की लोकतांत्रिक आजादी है कि वह किन देशों के साथ निकटता रखे और किनके साथ दूरी। यह वह अपनी परिस्थितियों के मुताबिक तय कर सकता है। मगर जैसे ही उसने पश्चिमी देशों की सुरक्षा परिषद में सदस्यता लेनी चाही, रूस को अपनी सुरक्षा पर खतरा मंडराता दिखा और उसने यूक्रेन को इससे रोकने की कोशिश की। आखिरकार युद्ध शुरू हुआ और उसका खमियाजा किसी न किसी रूप में सारी दुनिया भुगत रही है। इस युद्ध के खिंचते जाने में कुछ देशों के राजनीतिक स्वार्थ हैं, पर यह किसी भी रूप में मानवता के लिए उचित नहीं है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूकता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी श्री धीराज सिंह गर्ब्याल की पहल पर शनिवार को खालसा नेशनल बालिका इण्टर कॉलेज हल्द्वानी में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत जनपद में गठित नशा मुक्ति टीम द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में नशा कर रहे लोगों को समाज की मुख्यधार से जोडकर, उन्हें देश के विकास, के साथ ही परिवार, समाज में अपना सहरानीय योगदान हेतु प्रेरित करना है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने स्कूली छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा हमारे शरीर के साथ ही जीवन को भी खोखला करता है नशे से हमें दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां नशीली दवाओं का व्यापार खतरनाक मोड़ ले रहा है। नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है बल्कि परिवार और समाज के लिए भी हानिकारक है। नशा समाज और देश के लिए भी चिंता का विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो ऐसे हैं जो देखा देखी नशे का सेवन करना चालू करते हैं, वह ऐसा करने पर अपनी शान समझते हैं, हालांकि उन्हें यह नहीं पता होता है कि वह किस प्रकार नशे के इस दलदल में धीरे-धीरे फंसते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढाई के साथ ही खेलकूद पर अपना ध्यान देना होगा। अपर मुख्य




चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि पंत ने स्कूली बच्चों को बताया कि कुछ लोग तो इसका सेवन शौकिया तौर पर करते हैं परंतु बाद में वह इसके आदी बन जाते हैं और इस प्रकार वह नशे से अपनी जिंदगी खराब कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान से प्रेरित होकर नशा कर रहे बच्चों ने प्रेरित होकर कसम खाई है और वर्तमान मे बच्चें एक स्वस्थ्य एवं सुन्दर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा स्कूली छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले बदलाव तथा इस स्थिति से कैसे सामना करना है इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने बताया कि पॉक्सो अधिनियम तथा चाइल्ड हैल्पलाईन के संबंध में जानकारी देते हुए बच्चों को अपने अधि कारों के प्रति जागरूक करने के बारे में बताया साथ ही नशा मुक्त कार्यक्रम के तहत स्कूल के कक्षा 12 की एक छात्रा को चाइल्ड राइट एक्टिविस्ट भी नामित किया गया ताकि यदि स्कूल में बाल संरक्षण या नशे के संबंध में कोई भी सूचना हो तो तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित कर सकते हैं। नशा मुक्ति अभियान में प्रधानाचार्य कमला शैल, उप प्रध ानाचार्य डॉ. कल्पना जोशी, जिला बाल संरक्षण इकाई सुरेन्द्र प्रसाद के साथ ही स्टाफ एवं स्कूली छात्रायें उपस्थित थे।

# प्राथमिकता से हों सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण : डीएम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता) जिलाधिकारी रीना जोशी ने ष्सीएम हेल्पलाइन-1905ष्पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण कार्यो की समीक्षा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विभागवार की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का अवलोकन नियमित रूप से किया जाय तथा उनका निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से कर दिया जाय। उन्होंने कहा कि शिकायतों समस्याओं का निस्तारण करने के उपरांत



संबंधित शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर इस बात की पुष्टि कर ली जाय कि वह शिकायत निराकरण से संतुष्ट है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के संतोषजनक निस्तारण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। सीएम हेल्पलाइन पर जनपद में कुल 755 शिकायतें लंबित हैं जिनमें से एल वन स्तर पर 178, एल टू स्तर पर 276, एल थ्री स्तर पर 223 एवं एल फोर स्तर पर 78 शिकायतें लंबित हैं। सभी स्तरों को मिलाकर सर्वाधिक शिकायतें 262 लोक निर्माण विभाग की लंबित हैं। जबकि एल वन स्तर पर सर्वाधि क शिकायतें राजस्व विभाग की 42 शिकायतें लंबित है। एल वन स्तर पर इसके बाद लोक निर्माण विभाग की 23, नगरपालिका की 20, माध्यमिक शिक्षा की 16, जल संस्थान की 13, भू-विज्ञान और खनन विभाग की 12 शिकायतें लंबित है।

# सिटी मजिस्ट्रेट से की रामलीला कमेटी चुनाव कराने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के सामाजिक लोगो का एक शिष्टमंडल हल्द्वानी रामलीला कमेटी की रिसीवर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह से मिला। ज्ञापन सौंपकर उनसे श्री रामलीला कमेटी हल्द्वानी की नई कार्यकारिणी के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा करने की मांग की। शिष्ट मंडल ने कहा विगत कई वर्षो से श्री रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न नही होने से लोगो में कई प्रकार की शंकाए उत्पन्न हो रही हैं। पूर्व में सार्वजनिक रूप से कहा गया था कि श्री रामलीला कमेटी



की कार्यकारिणी के विधिवत चुनाव करवाकर श्री रामलीला कमेटी जनता के सुपुर्द कर दी जाएगी। आगामी दशहरा पर्व के मद्देनजर और श्री रामलीला मैदान व इससे जुड़ी परिसंपत्तियों के रखरखाव हेतु श्री रामलीला कमेटी की कार्यकारिणी के चुनाव के कार्यक्रम की विधिवत घोषणा की जाय। सिटी मजिस्ट्रेट ने सभी लोगो को आश्वस्त किया कि संविधान के अनुरूप ही सदस्यता अभियान चलाया जायेगा और पूर्व में जो जिला प्रशासन की कमेटी गठित की गई है उनके द्वारा ही चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट से मिलने वालो में राजेन्द्र फर्सवान, भुवन जोशी, सुशील उनियाल, हरीश रावत, राजेन्द्र सुयाल, वीरेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, ललित मोहन नेगी, तेज सिंह कार्की, हरीश जोशी, चमन गुप्ता, रोहित ठाकुर, ब्रजेश तिवारी राजेंद्र फर्सवान आदि लोग थे।

# ओवरलोड खड़िया भरा ट्रक खराब होने से बौड़ी बैंड के पास लगा जाम

बागेश्वर(उद संवाददाता) ।जिले को सफेद हीरा की खान से जाना जाता है, यहाँ रोजाना सैकड़ो टन खड़िया हल्द्वानी भेजी जाती है, वही पुलिस प्रशासन भी ओवरलोडिंग को लेकर गम्भीर रहती है, रोजाना पुलिस चेकिंग अभियान भी चलाती है, पर उसके बाद खड़िया भरे ट्रकों की तौल नही होने से धर्मकांटे में तौल नही होने से ओवरलोड भरे ट्रक बेरोकटोक 15 टन क्षमता तक खड़िया भरकर ले जाते है, जबकि क्षमता नौ टन तक अधिकतम होती है, वही ओवरलोड से कभी भी पुलों,और ढलान में कभी भी खराबी आने पर असुंतलित होने पर बड़ा हादसा होने की संभावना रहती है, वही जिला मुख्यालय से करीब 11 किमी दूरी पर स्थित पौड़ी बैंड के पास शनिवार की शाम एक ट्रक खराब हो गया और वह सड़क के बीचों बीच खड़ा हो गया। वहां अन्य वाहनों के निकलने की जगह नहीं बन पाई। इस कारण हल्द्वानी से बागेश्वर आ रही केमू बस समेत छोटे वाहन व ट्रक जाम में फंस गए। वाहन में बैठे



लोगों ने इसकी सूचना तहसील प्रशासन व दमकल विभाग को दी। सूचना के बाद प्रशासन मौके पर पहुंचा। पुलिस ने बताया कि जल्द वाहन को हटा लिया जाएगा।वही खराब ट्रक के सड़क पर तिरछा खड़ा होने से जगह कम होने से हल्द्वानी से आने वाले केमू की बस और छोटे वाहन काफी समय तक सड़क खुलने का इंतजार करते नजर आए जिस कारण यात्रियों को फजीहत झेलनी पड़ी।

# बहुद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर कल

अल्मोड़ा (उद संवाददाता) मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी वन्दना के निर्देशानुसार सोमनाथ मेला के अवसर पर 8 मई को प्रात: 10 बजे से रामलीला ग्राउण्ड मासी, विकासखण्ड चौखुटिया में कार्यक्रम आयोजन नियत किये जाने के फलस्वरूप बहुउद्देशीय एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह ध ामी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बहुउद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर में समाज कल्याण, महिला कल्याण, स्वास्थ्य, राजस्व, ग्राम्य विकास, बहुउद्देशी वित्त विकास निगम, बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, पेयजल/जल संस्थान, शिक्षा विभाग, लो0नि0वि0, ग्रामीण निर्माण विभाग, उद्यान, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, आपूर्ति, उद्योग, पर्यटन, पीएमजीएसवाई, वन, स्वजल, सहित लगभग 32 विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे सम्पूर्ण तैयारी के साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी व व्यापक प्रचार-प्रसार सम्बन्धित सुविधाओं हेतु अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित विभागीय स्टॉल लगवाते हुए अधिक से अधि क लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने हेतु विभागीय स्टॉल लगवाना सुनिश्चित करेंगे।

# सिया गांव में उल्टी दस्त की बीमारी से लोग परेशान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। गर्मी का सीजन पर गर्मी के मौसममें लगातार मौसम के मिजाज में उतार चढ़ाव के बीच मौसम चक्र का आमलोगों के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है, जहां बदलते मौसम चक्र से मौसमी विमारियों से परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीकाफलीगैर तहसील के सिया बौड़ी गांव में इन दिनों उल्टी दस्त का प्रकोप चल रहा है। उल्टी दस्त के कारण पांच साल की एक मासूम की मौत हो गई है। सात लोगों को जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। अन्य लोगों का गांव में ही इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की टीम ने गांव में लोगों का इलाज किया। साथ ही क्षेत्र के लोग सरयू नदी से जिस पम्पिंग योजना का पानी पी रहे हैं उसका सेंपल लेकर जांच के लिए ले लिया है। सिया में पिछले 10 दिन से उल्टी दस्त का प्रकोप चल रहा है। इस बीमारी से कई लोग चपेट में हैं। बुधवार को गांव की एक पांच साल की निकिता पुत्री हरीश रावत की हालत बिगड़ गई। गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इसके बाद गांव के लोग दहशत में आ गए। उन्होंने इसकी सूचना जिला प्रशासन से लेकर स्वास्थ्य विभाग को दी। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। बीमार लोगों को डिप चढ़ाई और दवा आदि दी। जिनकी तबियत अधिक खराब थी उन्हें अस्पताल लाने को कहा। शनिवार की सुबह 108 एंबुलेंस के माध्यम से एक गर्भवती समेत सात लोगों को जिला अस्पताल भर्ती किया गया। गांव के बालम सिंह रावत ने बताया कि इन दिनों गांव में कोई शादी-विवाह आदि कार्यक्रम भी नहीं हो रहे हैं। गांव में वायरल फैला हुआ है। उन्होंने स्वास्थ विभाग से गांव में बीमार चल रहे लोगों पर नजर रखने की अपील की है। इधर डॉ. पीएस जंगपांगी ने बताया कि गांव में 16 लोग बीमार थे। उसमें से एक मासूम की मौत हो गई है। सात का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रथम दृष्टया यह जल जनित बीमारी लग रही है। जिस स्रोत से ग्रामीण पानी पी रहे हैं उसके जांच के लिए सेंपल ले लिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरी तरह नजर रखे हुए है। जिला अस्पताल में रोगियों का इलाज कर रहे डॉ. एलएस बृजवाल ने बताया कि सभी के स्वास्थ्य में सुध ार हो रहा है। सभी जल्द ठीक हो जाएंगे। कोई मामला गंभीर नहीं है।

# हिंदूवादी संगठन ने फूंका कांग्रेस का पुतला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद ने देश विदेश में भगवा रंग को विश्व पटल पर हिंदुत्व का झंडा बुलंद करने वाला प्रमुख संगठन बताया, वही कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी द्वारा दिए गए एक बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला दहन किया। इस तरह की बयानबाजी से बाज आने की नसीहत दी है। संगठन से जुड़े लोग शनिवार को एसबीआई तिराहे पर पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में बजरंग दल एक इस्लामिक संगठन है, जबकि पूरा विश्व जानता है कि उनका संगठन हिंदू संगठन है जो धर्म की रक्षा के लिए बना है। कोरोना काल में उनके



कार्यकर्ताओं ने उन लोगों तक राशन पहुंचाया तो शिविरों में फंसे थे। रक्तदान कर कई लोगों की जान बचाई थी। ऐसे संगठन को आतंकवादी संगठन से जोड़ना निंदनीय है। इस बयानबाजी पर कांग्रेस ने यदि जल्द माफी नहीं मांगी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर बजरंग दल के जिलाध्यक्ष कैलाश गड़िया, शेर सिंह मलड़ा, दरवान सिंह धपोला, पूरन सिंह,हितेंद्र धपोला,विजय परिहार, दीपक परिहार, सुंदर किरमोलिया आदि मौजूद रहे।

# हरिप्रसाद टम्टा शिल्पकला उन्नयन केन्द्र की उपेक्षा के खिलाफ दिया धरना

## पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा पहाड़ की विलुप्त हो रही ऐतिहासिक शिल्पकला का संरक्षण करे सरकार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत काँग्रेस कार्य समिति के सदस्य एंव पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी , संविधान निर्माता भारतरत्न डा. भीभराव अम्बेडकर, राय बहादुर मुँशी हरिप्रसाद टम्टा की मूर्तियों में माला अर्पित करने के बाद धरना प्रदर्शन आरम्भ किया। अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि देश में पुरानी धरोहर एंव देश के लिए अपना योगदान देने वाले देशभक्तों के नाम मिटाने का दौर चल रहा है। देश के संविधान को तार- तार करने का कृत्य केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है।उन्होंने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में पहाड़ की विलुप्त हो रही ऐतिहासिक शिल्पकला के संरक्षण के लिए दूरगामी सोच के तहत समाज के अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं का पलायन रोकने और उन्हें अपने गाँव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जागेश्वर विधानसभा के गुरडौबाज में 100 करोड़ की लागत का प्रस्तावित मुँशी हरिप्रसाद टम्टा शिल्पकला उन्नयन केन्द्र की घोषणा करके प्रथम चरण में निर्माण के लिए 6 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की थी। अपने कार्यकाल में वन भूमि हस्तांतरण के साथ उन्नयन केन्द्र के लिए सड़क पँहुचाने के साथ भवन का निर्माण आरम्भ किया। आज वहाँ पर विगत 6 वर्ष से निर्माणाधीन भवन का एक मंजिला भवन का लिन्टर भी पड़ गया था। लेकिन विगत 6 वर्ष से प्रदेश की भाजपा सरकार के त्रिवेन्द्र रावत, तीरथ रावत के साथ वर्तमान मुख्यमंत्री पुष्कर ध




ामी की सरकार ने समाज के सबसे वंचित समाज के युवाओं के भविष्य के साथ घोर उपेक्षा के दंश को देखते हुए उन्होंने प्रदेश की धामी सरकार की नींद खोलने की कोशिश की हैं। 'उन्होंने कहा कि अगर ध ामी सरकार समाज के सबसे बड़े सुध ारक के नाम स्थापित शिल्पकला उन्नयन केन्द्र के लिए धनराशि जारी नहीं करते हैं तो वो अगला बड़ा कदम आगामी 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयन्ती पर गुरडौबाज स्थित रूके हुए शिल्पकला केन्द्र के भवन में उपवास कार्यक्रम आयोजित करके दलित एंव असहाय समाज के युवाओं की आवाज को उठाने का कार्य करेंगे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुँजवाल ने कहा कि मुँशी हरिप्रसाद टम्टा शिल्पकला उन्नयन केन्द्र जागेश्वर विधानसभा में विकास का सबसे उदाहरण था। ये उन्नयन केन्द्र पूरे पर्वतीय क्षेत्र के दलित एंव रोजगार के संघर्षरत युवाओं की बड़ी उम्मीद था और साथ ही साथ पहाड़ से पलायन रोकने के लिए ठोस नीतिगत भी था। लेकिन बड़े दुर्भाग्यकारण का कारण हैं। कि प्रदेश की 6 वर्ष से अधिक समय तक सत्ता में मध्जूद भाजपा सरकार द्वारा राजनघतिक विद्वेष के कारण दलित समाज के भविष्य के साथ मजाक करके दलित समाज के विकास ठेंगा दिखा रहे हैं उन्होंने कहा कि मुँशी हरिप्रसाद टम्टा शिल्पकला उन्नयन केन्द्र के भवन निर्माण सहित शिल्पकला के संरक्षण के लिए समाज को साथ लेकर प्रदेश की धामी सरकार के खिलाफ बड़े जन आन्दोलन को प्रारम्भ करेंगे पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि आज देश तानाशाही सरकार के अधीन हो चुका हैं। आज भारतीय संविध ान को कमजोर करके धर्म एंव जाति के नाम जहर उगलने का कार्य उन्माद पर हैं। जिससे देश के भीतर भय एंव अराजकता घर असुरक्षा का भय देश को कमजोर कर रहा हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने समाज के सबसे बड़े सुधारक मुँशी हरिप्रसाद टम्टा के नाम पर समाज को उठाने के लिए एंव युवाओं को स्वरोजगार से कुशल दक्ष बनाने का जो बड़ा निर्णय लेकर पहाड़ का बड़ा दंश पलायन को रोकने के लिए जिस भवन की आध ारशिला रखी थी। उसे राजनघतिक दुराभाव के कारण रोकने का जो प्रयास भाजपा सरकार द्वारा कराया जा रहा हैं वह उत्तराखण्ड के दलितों घर युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ हैं। जिसे काँग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। काँग्रेस पार्टी हर चरण में भाजपा की जनविरोधी नीतियों का व्यापक विरोध करेगीविधायक मनोज तिवारी ने कहा कि मुँशी हरिप्रसाद टम्टा के नाम पर बनने जा रहे शिल्पकला उन्नयन केन्द्र को रोकना पहाड़ के युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ हैं। जिसका हर स्तर पर विरोध करके शिल्पकला केन्द्र भवन को बनाने के लिए दवाब बना जायेगधरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भोज एंव संचालन जिला महामंत्री गीता महरा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विध ायक कपकोट ललित फर्स्वाण, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, नगराध्यक्ष तारा चन्द्र जोशी, महिला नगराध्यक्ष दीपा साह, जिला महामंत्री ( संगठन) त्रिलोचन जोशी, पूर्व अध्यक्ष आनन्द बगडवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बाराकोटी, जिला प्रवक्ता निर्मल रावत, अनुसूचित जाति विभाग जिलाध्यक्ष किशन लाल,जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र बिष्ट,प्रताप राम आर्याप्रदेश अल्पसंख्यक महामंत्री अमन अंसारी, जिला महामंत्री दीवान सतवाल, नगर महामंत्री वभव पाण्डेय, पूर्व दर्जा मंत्री ए के सिकन्दर पवार, एन डी पाण्डेय, पूर्व नगराध्यक्ष पूरन सिंह रघ्तेला, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चन्द्र आर्या, जिला मंत्री वी के पाण्डेय, पूर्व जिला सहकारी बघ्ंक अध्यक्ष दीवान भघ्सोडाघ, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रशान्त भसोडा, पूर्व ब्लाँक प्रमुख रमेश भाकुनी, लक्ष्मण सिंह घ्ठानी, एड़ केवल सती, मनोज सनवाल प्रदेश महिला महामंत्री प्रीति बिष्ट, ब्लाँक अध्यक्ष मनोज रावत, पी सी सी सदस्य गोपाल चौहान, हर्ष कनवाल आदि ने संबोधन देकर प्रदेश की धामी सरकार को खूब कोसाकार्यक्रम में तीनों विधानसभा अल्मोड़ा, जागेश्वर ओर सोमेश्वर के बड़ी संख्या में काँग्रेस पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन में पँहुचकर पूर्व मुख्यमंत्री को समर्थन दिया। मुँशी हरिप्रसाद टम्टा के परिवार महेश टम्टा, दयाशंकर टम्टा भी उपस्थित थे।

## नव स्थापित हनुमान मंदिर में चुघ ने लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने बजरंग विहार सोसाइटी फुलसुंगी में नव स्थापित संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर में पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर श्री हनुमान जी का आर्शीवाद प्राप्त किया। नव स्थापित मंदिर कमेटी मंदिर कमेटी के संरक्षक दशरथ पांडेय सहित दीपेश गंगवार, मनीष तिवारी, सत्यप्रकाश शर्मा, मनीष पांडे, आलोक सिंह, अनिल शर्मा, निखिल गंगवार आदि ने श्री चुघ को अंग वस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व



मंदिर में गत दिवस प्रारंभ किए गए अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ का प्रातः समापन किया गया। जिसके पश्चात प्रसाद वितरित हुआ। श्री चुघ ने कालोनी में मंदिर स्थापना पर समस्त कालोनी वासियों को बधाई देते हुए सभी के लिए मंगल कामनाएं की। उन्होंने कहा कि संकट मोचन श्री हनुमान जी का जहां पर भी वास होता है वह सम्पूर्ण क्षेत्र पवित्र हो जाता है और वहां रहने वाले सभी लोगों के संकट दूर होते हैं। मंदिर के व्यवस्थापक दशरथ पाण्डेय ने श्री चुघ के पधारने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान संतोष सिंह, दीपक राणा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## किरायेदार महिला की बना रहा था अश्लील वीडियो

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र में मकान मालिक के पुत्र द्वारा घर के बाथरूम में नहा रही महिला किरायेदार का अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। वीडियो बनाते देख लेने पर जब महिला ने इसका विरोध किया तो युवक ने उसे बुरी तरह से पीट दिया। जिसके बाद महिला शिकायत लेकर थाने पहुंची। जहां आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि वह बनभूलपुरा में एक घर में किराये पर रहती है। उसका आरोप है कि विगत 4 मई को वह अपने बाथरूम में नहा रही थी कि तभी मकान मालिक के बेटे शेर अली ने नहाते हुए उसकी वीडियो बना ली। जब महिला की नजर उस पर पड़ी तो उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे पीट दिया। जिसकी शिकायत लेकर महिला बनभूलपुरा थाने पहुंची। इस मामले में बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी का कहना है कि महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस ने 60 पाउच अवैध कच्ची शराब समेत एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस छेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में गढ़वाल ब्लॉक की ओर जाने वाले तिराहे के पास से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक व्यक्ति को दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से 60 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए शराब कारोबारी ने अपना नाम कुंडेश्वरी निवासी रवि सिंह पुत्र सुंदर सिंह बताया। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब कारोबारी का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

## समलैंगिक विवाह को दी गई मंजूरी का विरोध,राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

काशीपुर(उद संवाददाता)। देवभूमि व्यापार मंडल कि संपन्न हुई जरूरी बैठक में व्यापारियों ने उच्चतम न्यायालय द्वारा समलैंगिक विवाह को मंजूरी दिए जाने के फैसले का विरोध किया गया। व्यापारी नेताओं ने कहा कि इस तरह के विवाह उनकी नीति शास्त्रों में नहीं है। इसी मामले को लेकर देवभूमि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने परगना मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर अपना विरोध दर्ज कराया। राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में बताया गया कि जन भावनाओं की अनदेखी कर उच्चतम न्यायालय द्वारा समलैंगिक विवाह को मंजूरी दिए जाने से परंपरा व संस्कृति को खतरा पैदा हो गया है। भेजी ज्ञापन में व्यापारियों ने राष्ट्रपति से मांग किया है कि जन भावनाओं का सम्मान रखते हुए उच्च न्यायालय के इस फैसले में तब्दीली लाई जाए।

## फोन पर धमकाने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर दम्पत्ति को धमकाने का मामला प्रकाश में आया है। दर्ज कराई रपट में रामफूल सिंह निवासी कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि उसे व्हाट्स एप नम्बर से मैसिज व काल आ रही है। जो उसे व उसकी पत्नी के बारे में गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोप है फोन करने वाला व्यक्ति उसका नाम पता सब जानता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं ।

## टाटा मोटर्स श्रमिक संघ के आशीष अध्यक्ष और हेमराज मंत्री बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। टाटा मोटर्स लिमिटेड श्रमिक संघ सिड़कुल, पंतनगर का 3 वर्षीय चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमे आशीष कोठारी वर्तमान अध्यक्ष नवीन जोशी को हरा कर अध्यक्ष पद पर चुने गए। इसके अतिरिक्त चंद्र प्रकाश पांडेय उपाध्यक्ष, हेमराज मंत्री, ध ीरेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, आशीष पुनिया संयुक्त मंत्री, मनोज सिंह नेगी संगठन मंत्री, संदीप कुमार कार्यालय मंत्री व मुकेश वर्मा प्रचार मंत्री चुने गए। चुनाव समिति के सदस्यों कमल बिष्ट, विनोद घिल्डियाल, अशोक त्रिवेदी, लक्ष्मण गढ़िया, पंकज बमेठा, ज्ञानेश्वर मिश्रा, गोविंद सिंह बिष्ट, अंकुश ने शांतिपूर्ण माहौल में पारदर्शिता के साथ पूरी चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रदेश अध्यक्ष ने हीरा सिंह बिष्ट ने आशीष कोठारी के निर्वाचित होने पर बधाई दी और कहा आशीष कोठारी के चयन से मजदूर संघर्षो को बल मिलेगा। इंटक के यूनियन के प्रदेश सलाहकार विनय भूषण ने अध्यक्ष आशीष कोठारी के चयन पर दी बधाई। जिलाध्यक्ष इंटक जनार्दन सिंह ने भी नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी।



## पेज एक का शेष...

**पहलवानों के समर्थन में ....**चाहिए। बृजभूषण शरण सिंह को जल्द से जल्द गिरफ्तार करना चाहिए और सख्त से सख्त सजा देनी चाहिए। अगर सरकार ने जल्द ही बृजभूषण शरण को गिरफ्तार नहीं किया तो वह बड़ा आंदोलन करेंगे। इतना ही नहीं संयुक्त किसान मोर्चा ने भी देश भर में 11 मई से 18 मई तक महिला पहलवानों के समर्थन में प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। काफी देर तक जद्दोजहद के बाद दिल्ली पुलिस ने किसानों के जत्थे की गाड़ियों के नंबर नोट करके किसानों को दिल्ली जाने की अनुमति दे दी। काफी समय तक किसानों और पुलिस की आमने सामने आने से तनाव की स्थिति बनी रही। वहीं हरियाणा की खाप पंचायतें दिल्ली महापंचायत करने जा रही हैं। इसे देखते हुए दिल्ली के टिकरी बॉर्डर पर भारी संख्या में पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों को दिल्ली पुलिस से हुई झड़प के बाद हर तरफ से समर्थन मिल रहा है। किसानों व खापों के समर्थन की घोषणा के बाद दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है। दिल्ली पुलिस ने सिंघु बॉर्डर पर नाका लगा रखा है। वाहनों को जांच के बाद ही दिल्ली में प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं कुंडली बॉर्डर पर सोनीपत पुलिस की भी एक कंपनी तैनात कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था बेहतर रखने के साथ ही ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए पुलिस तैनात है। दिल्ली पुलिस की तरफ से सिंघु बॉर्डर पर नाका लगाकर वाहनों की जांच कर ही आगे भेजे जाने के चलते नेशनल हाईवे-44 पर जाम की स्थिति बन गई है। वाहन रेंगते हुए दिल्ली की सीमा में प्रवेश कर रहे है। नेशनल हाईवे पर करीब डेढ़ किलोमीटर तक वाहन फंसे हुए है। दिल्ली पुलिस के साथ ही सोनीपत पुलिस भी वाहनों को निकालने में लगे है। कुंडली की बॉर्डर के बजाय वाहनों को अन्य संपर्क मार्गों से निकाला जा रहा है। जिसके चलते सफियाबाद व औचंदी बॉर्डर पर भी वाहनों की लाइन लगी है। पुलिस को वाहनों को निकालने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है।

**परिजनों के बीच से ...**जंगल में चला गया। ग्रामीण भी पीछे-पीछे जंगल में गए लेकिन वहां गुलदार और बच्चा नजर नहीं आया। सूचना मिलते ही तहसीलदार विकासनगर चमन सिंह, सहसपुर थाना प्रभारी गिरीश नेगी और रेंजर मुकेश कुमार अपनी-अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बस्ती से सटे एक बाग और आस पास के जंगल में खोजबीन की लेकिन देर रात कर सफलता नहीं मिली। सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर भी देर रात महमूदनगर पहुंचे। उन्होंने प्रशासन, पुलिस और वन विभाग की ओर से चलाए जा रहे कॉबिंग अभियान का जायजा लिया। डीएफओ कालसी अमरेश कुमार वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरा लगाया था। ट्रैंकुलाइज करने का भी कई दिनों तक प्रयास किया गया था। विभाग गुलदार को आदमखोर घोषित करके उसके आतंक से क्षेत्रवासियों को मुक्ति दिलाई जाएगी।

**दहेज के लिये विवाहिता..**मारा पीटा जिस पर उसे पुलिस को कॉल करनी पड़ी। पुलिस के आने पर उसने अपना वैवाहिक जीवन बचाने के लिए समझौता कर लिया तथा अपनी शिकायत वापस ले ली। पति ने उसको दहेज के लिए बुरी तरह से मारापीटा तथा छोटे से बेटे को धक्का देकर दूर फेंक दिया । 29.09.2020 को पति उसे व बेटे रेयांश को ड्यूटी के बहाने छोड़कर चला गया । जिस कारण वह बेटे को अपने साथ लेकर वापस मायके लौट आई। पीड़िता का कहना है ससुरालियों को समझाने की कोशिश की गई पर वह अपनी जिद पर अड़े रहे। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**स्टोन क्रशर स्वामी पर...**बच गया और अपनी जान बचाकर मौके से भाग गया। फायर की आवाज सुनकर गाँव व आसपास के लोग भी मौके पर आ गये। उसकी पत्नी परमजीत कौर ने 112 पर कॉल कर घटना के बारे में पुलिस सूचना दी। शोर-शराबा सुनकर भगवन्त सिंह व उसका दामाद रमनजीत सिंह कहा कि आज तो तू बच गया मौका मिलते ही तुझे जान से मार देंगे। पुलिस ने जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी भगवंत सिंह को घटना में प्रयुक्त तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

**मुख्य बाजार से वाहन...** गया । विवाह समारोह से निकल कर बाहर आया तो देखा उसका वाहन अपने स्थान पर नहीं है। किसी अज्ञात चोर के द्वारा उक्त वाहन को चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING
PVT. LTD.
PROJECT
APPROVED
PROJECT
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
साईट ऑफिस
शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास,
रुद्रपुर
86501-18000